8.4.16

पत्रांक– 2478 न०वि०एवंआ०वि०

# बिहार सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

**जय प्रकाश मंडल,**
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

**कार्यपालक पदाधिकारी**
नगर परिषद् मधेपुरा

पटना, दिनांक 8/4/16

विषय :– **माह फरवरी 2016 की मासिक समीक्षा टिप्पणी के संबंध में।**

महाशय,

नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा आपके कार्यों की मासिक समीक्षा की जा रही है। माह फरवरी तक प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा से निम्न तथ्य विदित होते हैं :–

1. **चतुर्थ राज्य वित्त आयोग** :–

(i) चतुर्थ राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 376.88 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 0.00 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 376.88 लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 343.98 लाख रूपये है, जो मात्र 91.27 प्रतिशत है। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***संतोषजनक*** है।

2. **13वें वित्त आयोग** :–

(i) 13वें वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 116.76 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 40.27 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 157.03 लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 90.78 लाख रूपये है, जो 57.81 प्रतिशत है।

(ii) भौतिक प्रतिवेदन की समीक्षा करने से ज्ञात है कि दिनांक 01.04.2015 को आपके यहाँ 2 योजनाएं लंबित थी। वर्ष 2015–16 में अब तक कोई भी योजना नही ली गयी है। इस प्रकार कुल कार्यरत 2 योजना पूर्ण हुई है | स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***संतोषजनक*** है।

3. **14वें वित्त आयोग:-**

14 एवं वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 0.00 लाख रूपये उपलब्ध थे | वर्ष 2015-16 में 147.09 लाख रूपये विमुक्त हुए | कुल उपलब्ध 147.09 लाख रूपये संसाधनों में से अधतन व्यय 0.00 है |

4. <u>राज्य योजना</u> :–

(i) राज्य योजना अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 439.62 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 63.46 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 503.08 लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 327.69 लाख रूपये है। **जो की मात्र 65.14 प्रतिशत है |**

(ii) भौतिक प्रतिवेदन की समीक्षा करने से ज्ञात है कि दिनांक 01.04.2015 को **आपके यहाँ** 06 योजनाएं लंबित थी। वर्ष 2015–16 में अब तक 3 योजना ली गयी है। **इस प्रकार कुल कार्यरत 9 में से अभी तक 7 योजना पूर्ण हो गई है |** स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***संतोषजनक*** है।

5. **<u>पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (BRGF)</u>** :–

(i) पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि के अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 146.29 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 2.64 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 148.93 लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 82.66 लाख रूपये है। **जो की मात्र 55.50 प्रतिशत है |**

(ii) भौतिक प्रतिवेदन की समीक्षा करने से ज्ञात है कि दिनांक 01.04.2015 को **आपके यहाँ** 23 योजनाएं लंबित थी। वर्ष 2015–16 में अब तक **कोई** योजना **नहीं** ली गयी है। **इस प्रकार कुल कार्यरत 23 में से अभी तक 18 योजना पूर्ण हो गई है |** स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***संतोषजनक*** है।

6. **<u>ठोस अवशिष्ट प्रबंधन</u>** :–

(i) आपके शहर में कुल 26 वार्ड हैं, जिसमें से **अभी** तक 26 वार्डों में डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य हो रहा है।

(ii) सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यांत्रिकरण पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन वांछित संख्या में मशीनों का क्रय नहीं किया गया है। शहर में कार्यरत सफाई कर्मियों की ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमिट्रिक हाजिरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है, इसका अनुपालन अप्राप्त है। ठोस अवशिष्ट के प्रभावी प्रबंधन एवं निष्पादन के लिए की जा रही कार्रवाई का प्रतिवेदन अपेक्षित है।

7. **<u>मुख्यमंत्री स्वच्छता अनुदान</u>** :- **मुख्यमंत्री स्वच्छता अनुदान योजना के** अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 0.00 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 63.46 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 63.46 लाख रूपये संसाधनों में से **दूरभाष पर प्राप्त सूचना के अनुसार** अद्यतन व्यय शुन्य है।

8. **<u>उपयोगिता प्रमाण पत्र</u>** :–

आपके निकाय के विरूद्ध वित्तीय वर्श 2003–04 से 2013–14 तक की अवधि में कुल 3757.40 लाख की राशी विभाग द्वारा आवंटित की गयी थी जिसके आलोक में अभी तक कुल 1283.89 लाख रूपये का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा की गयी है और 2256.64 लाख की राशी अभी तक समायोजित के लिए लंबित हैं। अगले 7 दिनों के अंदर इसका समायोजन कराया जाय। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***निराशाजनक*** है |(1) आवंटित राशि में से 10.97 लाख की राशि की निकासी विभाग द्वारा निकासी कर विधुत बोर्ड को ज़मा किया गया है |(नगर निकाय पत्रांक 1058 दिनांक 03.12.14 द्वारा सूचनार्थ|) (2) कुल 205.90 की राशि DFID को Transfer कर दिया गया है|(पत्रांक 0 Camp दिनांक 07.01.15)

9. **<u>नगर सेवा प्रबंधन</u>** :–

आपके शहर से संबंधित इस वित्तीय वर्ष में हेल्पलाईन के माध्यम से 6 जन शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें से 3 का निराकरण किया गया हैं। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***असंतोषजनक*** है।

10. **<u>होल्डिंग टैक्स</u>** :– माह फरवरी 2016 का मासिक संग्रहण 1.11 लाख रूपये है, जो की वित्तीय वर्ष की औसत मासिक संग्रहण 1.16 लाख रूपये से शत प्रतिशत अत्यधिक है। चालू वित्तीय वर्ष का वार्षिक औसत मासिक संग्रह 3.15 है | दिनांक 01.04.2015 को होल्डिंग की संख्या 8215 थी एवं अद्यतन तिथि तक 11705 होल्डिंग ही है। होल्डिंग का सर्वेक्षण करके अतिरिक्त होल्डिंग को होल्डिंग टैक्स के दायरे में लाने के लिए किये गये प्रयास जारी रहे। स्पष्टतः अब तक उपलब्धि ***संतोषजनक*** है।

11. **<u>अन्य स्रोतों से कर</u>** :–

अन्य स्रोतों से कर वसूली 20.02 लाख रूपये है, जिसमें सुधार लाने का प्रयास करें।

12. **<u>स्वच्छ भारत मिशन</u>** :–

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2015-16 में दिए गए कुल लक्ष्य 442 के विरुद्ध आपके निकाय में एक भी सामूहिक एवं Public toilet का निर्माण नहीं किया गया है | इस पर जोर दिया जाय।

13. **<u>सबके लिए आवास</u>** :- प्रतिवेदन अप्राप्त है |

14. **<u>पी०एल० खाता</u>**:- दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय के पी० एल० खाते में 559.25 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 252.07 लाख राशि विमुक्त की गई है। इस प्रकार कुल उपलब्ध 811.32 लाख की राशि में से 610.75 लाख मात्र राशि का

भुगतान किया गया है | शेष 200.56 लाख की अव्यवहृत अंतिम राशि (Closing Balance) अभी भी मौजूद है जो अत्यंत ही बड़ी राशि है|

निर्देश दिया जाता है कि इस मासिक समीक्षा टिप्पणी में अंकित तथ्यों पर लिखित अनुपालन प्रतिवेदन पत्र निर्गत होने के तीन सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से विभाग को प्रेषित किया जाय। इस मासिक समीक्षा टिप्पणी को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जा रहा है। साथ ही आपके द्वारा समर्पित किये जा रहे मासिक समीक्षा टिप्पणी का अनुपालन प्रतिवेदन भी वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा।

विश्वासभाजन

8.4.16

**सरकार के विशेष सचिव।**

ज्ञापांक 2478 / पटना, दिनांक 8/4/16

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, मधेपुरा / अध्यक्ष नगर परिषद् मधेपुरा एवं विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8.4.16

**सरकार के विशेष सचिव।**